मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के लुकमान अली ईरान में आयोजित 7वीं एशियाई ज़ुर्कानेह स्पोर्ट्स एंड कोश्ती पहलवानी चैंपियनशिप-2025 में शीर्ष पाँच रेसलर्स में शामिल**

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के खेल एवं क्रीड़ा विभाग के गौरवशाली पूर्व छात्र और कर्मचारी, पहलवान श्री मोहम्मद लुकमान अली ने 8 से 11 अक्टूबर, 2025 तक ईरान के उरुमिह में आयोजित 7वीं एशियाई ज़ुर्कानेह स्पोर्ट्स एंड कोश्ती पहलवानी चैंपियनशिप -2025 में पाँचवाँ स्थान हासिल किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 20 देशों ने भाग लिया था। श्री लुकमान ने जेएमआई से हिंदी में बी.ए. (ऑनर्स) और समाज कार्य में एम.ए. किया है। वह एक असाधारण एथलीट हैं जिन्होंने कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में जेएमआई का प्रतिनिधित्व किया है और कई पदक जीते हैं।

जामिया के माननीय कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ़ ने श्री लुकमान को बधाई दी और इस महत्वपूर्ण सम्मान को प्राप्त करने तथा अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत में जामिया का नाम रोशन करने के लिए उनके समर्पण की सराहना की।

जामिया के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने ईरान में आयोजित चैंपियनशिप में श्री अली के असाधारण प्रदर्शन की प्रशंसा की और भविष्य के टूर्नामेंटों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

जामिया के मानद खेल निदेशक प्रो. नफीस अहमद ने विश्वविद्यालय के लिए यह सम्मान प्राप्त करने में श्री लुकमान की प्रतिबद्धता और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने उन्हें अपने दृढ़ संकल्प और ईमानदार प्रयासों से जामिया को गौरवान्वित करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी